भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
10.02.2021 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1413 का उत्तर

अमरावती से पुणे के बीच रेलगाड़ी

1413. श्रीमती नवनित रवि राणा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अमरावती से पुणे के बीच रोजाना हजारों यात्री कार्य, अध्ययन और अन्य किसी प्रयोजन से यात्रा करते हैं;
(ख) यदि हां, तो क्या निकट भविष्य में अमरावती से पुणे के बीच कोई सीधी सुपरफास्ट रेलगाड़ी शुरू करने का प्रस्ताव है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, वाणिज्य एवं उद्योग और
उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क): वित्त वर्ष 2018-19 और वित्त वर्ष 2019-2020 के दौरान यात्रियों की कुल संख्या जिन्होनें अमरावती से पुणे तक की यात्रा की, क्रमश: 31,000 और 30,635 है।

(ख) और (ग): इस समय, पुणे और अमरावती के बीच 02117/02118 पुणे-अमरावती एसी स्पेशल गाड़ी उपलब्ध है। इस समय, परिचालन और संसाधनों की तंगी के कारण पुणे और अमरावती के बीच नई गाड़ी चलाने का तत्काल कोई प्रस्ताव नहीं है। बहरहाल, भारतीय रेल में गाड़ियां चलाना परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात की मांग और संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन एक सतत प्रक्रिया है।

****

S.K